ऊना, 01 अप्रैल 2024
दैनिक एक्शन इंडिया
ACTION INDIA
www.actionindialive.com

# कांग्रेस सरकार के संरक्षण में चल रहा अवैध खनन का खेल: सत्ती



**राजन पुरी**
**ऊना:** ऊना सदर के भाजपा विधायक सतपाल सिंह सत्ती ने प्रदेश सरकार पर जिला ऊना में अवैध खनन को बढ़ावा देने का आरोप जड़े। रविवार को भाजपा कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान विधायक सतपाल सत्ती ने कहा कि ऊना के स्थानीय नेता के कहने पर जिला ऊना में अवैध खनन का खेल चला हुआ है। सत्ती ने कहा कि भाजपा के समय ऊना संतोषगढ़ मार्ग पर लगे तीन चेक पोस्ट को कांग्रेस सरकार के आते ही हटा दिया गया है, जिससे साफ प्रतीत होता है कि कांग्रेस अवैध खनन को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा कि लाल सिंगी के समीप स्वां नदी से भी रात के समय में जेसीबी की मदद द्वारा अवैध रूप से रेता-बजरी ढोया जा रहा है। उन्होंने प्रदेश सरकार पर जिला ऊना में खनन माफिया को संरक्षण देने का आरोप लगाया।

उन्होंने कहा कि ऊना-संतोषगढ़ रोड़ पर लगे तीन चेक पोस्ट के लेकर जल्द ही भाजपा पुलिस अधीक्षक को मिलेगी और पुनः चेक पोस्ट को लगाने की मांग उठाएगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में जिन्होंने भी जेसीबी व टिप्पर खरीदे हैं, उनका भी रिकॉर्ड एकत्रित किया जा रहा है, ताकि पता चल सके की टिप्पर व जेसीबी किस कार्य लिए खरीदे गए हैं। उन्होंने खनन अधिकारियों पर भी मिली भगत का आरोप जड़ा। उन्होंने कहा कि खनन अधिकारी बजाए फील्ड में उतरने के दफ्तर में बैठे रहते हैं। सत्ती ने कहा कि ऊना के कांग्रेस लीडर पर के कहने पर ही प्रदेश सरकार द्वारा खाना माफिया के लगाए गए चेक पोस्ट को हटाया गया है। साथ पुलिस भी खाना माफिया पर कोई कार्रवाई नहीं कर की जा रही है। कांग्रेस नेता के कहने पर ही संतोषगढ़ व फतेहपुर के बाद अब लाल सिंगी की में भी अवैध खनन किया जा रहा है, जिसे भाजपा कतई सहन नहीं करेगी। इस अवसर पर जिला महामंत्री राज कुमार पठानिया सहित अन्य उपस्थित रहे।

13 माह कांग्रेस के हाथो में लगी थी मेंहदी सत्ती ने कहा कि लोकसभा चुनाव के नजदीक कांग्रेस को 1500 रुपये देने की याद आ गई। मैं कांग्रेस की सुक्खू सरकार से पूछना चाहता हूं कि 13 माह हाथों में मेंहदी लगाई थी, जो गारंटी पूरी नहीं कर सकी। हमने तो नहीं रोका महिलाओं को 1500 रुपये देने से। विधानसभा में मुद्दे को उठाया गया, लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया गया।

# अटेवा पेंशन बचाओ मंच 1 अप्रैल को मनाएगा काला दिवस

**बैठक**

**8 - अटेवा की बैठक मुरादाबाद के जिला अस्पताल के आवासीय परिसर में सम्पन्न हुई**



**मुरादाबाद**
अटेवा पेंशन बचाओ मंच की बैठक रविवार को मुरादाबाद के जिला अस्पताल के आवासीय परिसर में सम्पन्न हुई। अटेवा के जिला महामंत्री हेमन्त चौधरी ने बताया कि अटेवा 1 अप्रैल को काला दिवस के रूप में मनाएगा। उत्तर प्रदेश में 1 अप्रैल 2005 को पुरानी पेंशन बंद कर नई पेंशन व्यवस्था (एनपीएस) लागू की गई थी यह शिक्षकों, कर्मचारियों व अधिकारियों के साथ बहुत बड़ा आघात था।हेमन्त चौधरी ने आगे बताया कि यह काला कानून है। अटेवा प्रतिवर्ष 1 अप्रैल को काला दिवस मनाता रहा है। इसीलिए इस वर्ष भी 1 अप्रैल को सभी शिक्षक कर्मचारी व अधिकारी अपने -अपने कार्य स्थलों पर या जहां भी रहे बॉह में काली पट्टी बांध करके काले कानून का विरोध दर्ज कर पुरानी पेंशन बहाली की मांग करेंगे। अटेवा पुरानी पेंशन बहाली के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु जी के नेतृत्व में निरंतर संघर्षरत है और जब तक हु-ब-हू पुरानी पेंशन बहाल नहीं होगी तब तक संघर्ष जारी रहेगा।

## पवन ठाकुर मण्डी जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त

**शिमला**
अखिल भारतीय कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य सांसद प्रदेश मामलों के प्रभारी राजीव शुक्ला के अनुमोदन के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सांसद प्रतिभा सिंह ने पवन ठाकुर को मण्डी जिला कांग्रेस कमेटी का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है।
कांग्रेस संगठन महामंत्रो रजनीश किमटा ने इनकी अधिसूचना जारी करते हुए बताया है कि पवन ठाकुर जिला अध्यक्ष प्रकाश चौधरी के अतिरिक्त कार्यकारी अध्यक्ष हरेंद्र सेन व अंतरिम अध्यक्ष शशि शर्मा को सहयोग करेंगे।

# मेरे लिए वोट आपका मोदी जी को आशीर्वाद: कंगना रनौत

**सौभाग्य**

**8 विश्व की सबसे बड़ी पार्टी ने मुझे लोकसभा चुनाव के लिए अपना उम्मीदवार बनाया है।**

**खेमचंद शास्त्री**
**मंडी:** मंडी संसदीय सीट से भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी सुश्री कंगना रनौत ने रविवार को अपने गृह विधानसभा क्षेत्र सरकाघाट के पौंटा, फ तेहपुर, हरिबैहना, गोपालपुर और मौंही में अपने लिए समर्थन मांगा। इस दौरान उनके साथ स्थानीय भाजपा विधायक दलीप ठाकुर भी उपस्थित रहे। यहां प्रचार अभियान में उन्होंने कहा कि



ये मेरे लिए बहुत बड़ा सौभाग्य है कि विश्व की सबसे बड़ी पार्टी ने मुझे लोकसभा चुनाव के लिए अपना उम्मीदवार बनाया है। ये सिर्फ उसी पार्टी में संभव है जहां मातृ शक्ति को सम्मान मिलता है और हर नेता माताओं.बहनों के प्रति आदर का भाव रखती है जबकि दूसरी तरफ कांग्रेस जैसी पार्टी भी है जो कंगना रनौत को टिकट मिलने से इतना बौखलाई हुई है कि इन्हें ये हजम नहीं हो रहा है कि भाजपा ने इसे टिकट क्यों दिया। उन्होंने कहा कि मैं आज आप सबके बीच में भारतीय जनता पार्टी की तरफ से एक प्रत्याशी के रूप में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए ही समर्थन मांगने आई हूं। आपका मेरे लिए एक-एक वोट उस प्रधानमंत्री के लिए आशीर्वाद होगा जो आज विश्व का सर्वाधिक लोकप्रिय नेता है। सोचिए जो काम वर्षों और सदियों से रुके पड़े थे वे आज ईश्वर की कृपा से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों से पूरे हो रहे हैं। ये उनका चरित्र है, उनका सौभाग्य है। 500 वर्षों से हम अयोध्या में राम मंदिर बनने की राह देख रहे हैं लेकिन जब नरेंद्र मोदी को देश की सत्ता मिलती है तो ये काम भी राम की कृपा से सरल हो गया क्योंकि उनमें हम रामचंद्र भगवान का अंश देखते हैं। हम उनकी सेना है। मैं तो स्वयं रामसेतु निर्माण की उस गिलहरी की भांति हूं जो अपना योगदान इस पार्टी में अब देने जा रही हूं। उन्होंने कहा कि आज भाजपा ने मुझे यहां से अपना प्रतिनिधि चुना है तो ये मेरी जिम्मेवारी बनती है कि इस संसदीय क्षेत्र की समस्याओं की आवाज बनकर मैं दिल्ली में आपकी बात रखूं। मुझे विश्वास है कि आपकी जो भी मांगे और समस्याएं होंगी उनका अवश्य निराकरण हमारा शीर्ष नेतृत्व करेगा। मैंने फिल्म इंडस्ट्री में जिस लग्न और संघर्ष के साथ अपना मुकाम हासिल किया है उसी तरह अब इस नई जिम्मेवारी के लिए आप सबका आशीर्वाद जरूरी है। मैं कोई हीरोइन या स्टार अब आपके लिए नहीं हूं। मैं यहां आपकी बहन और बेटी के रूप में सेवा करने आई हूं। कांग्रेस के लोग आपको भ्रमित करने जरूर आयेंगे कि कंगना मुंबई जाएगी और लौट के नहीं आएगी। ऐसे लोगों के लिए आपने भी जवाब देना है। हमने प्रण लेना है कि एक बार पुनः नरेंद्र मोदी को देश का प्रधानमंत्री बनाना है तो झूठी कांग्रेस पार्टी के बहकावे में नहीं आना है। ये 1500-1500 रुपए देकर महिलाओं का सम्मान नहीं होने वाला है। ये झूठे वायदे करने वाली पार्टी है जबकि नरेंद्र मोदी ही एकमात्र विकास की गारंटी है।

## संक्षिप्त खबरें

### हिमाचल प्रदेश में आचार संहिता लगने के बाद एनडीपीएस के 80 केस दर्ज

**शिमला**
हिमाचल प्रदेश में आचार संहिता लगने के बाद पुलिस ने नशे का अवैध कारोबार करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की है। बीते 16 मार्च से एनडीपीएस एक्ट के तहत 80 मामले दर्ज किए हैं। इस दौरान 14.11 लाख रुपये कीमत की 7.05 किलोग्राम चरस, 46.18 लाख रुपये कीमत की 659.75 ग्राम हेरोइन, 6 हजार रुपये कीमत की 6.08 ग्राम स्मैक, 28,170 नशीली दवाईयां और 676 ग्राम अफीम जब्त की गई है।
प्रदेश पुलिस के एक प्रवक्ता ने रविवार को बताया कि एक्साइज एक्ट के अंर्तगत 248 मामले दर्ज करके 1.76 लाख की 3921.712 लीटर देसी शराब, 14.65 लाख की 2093.65 लीटर अंग्रेजी शराब, 95 हजार की 475 लीटर बीयर और 89 हजार की 598 लीटर अवैध शराब जब्त की गई है। इसके अतिरिक्त 82,082 लीटर कच्ची शराब को नष्ट किया गया है।
प्रवक्ता ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया के दौरान प्रदेश में जारी लाइसेंस हथियार को जमा करवाने के लिए समस्त जिलों में अभियान चलाया गया है। प्रदेश भर में जारी कुल 1,00,403 लाइसेंस हथियार में से 36,587 (39%) को जमा कर लिया गया है।

### कांग्रेस सरकार ने कर्मचारियों को दिया ओपीएस, भाजपा कर्मचारी विरोधी : कांग्रेस

**शिमला**
प्रदेश कांग्रेस नेताओं व मुख्य संसदीय सचिव आशीष बुटेल और डिप्टी चीफ व्हिप केवल सिंह पठानिया ने कहा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार ही कर्मचारियों की हितैषी सरकार है। उन्होंने कहा कि पहली ही कैबिनेट बैठक में राज्य सरकार ने अपनी चुनावी गारंटी को हुए पूरा करते हुए 1.36 लाख सरकारी कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन स्कीम को बहाल किया और इसे पुराने स्वरूप में लागू किया।
उन्होंने रविवार को एक बयान में कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में ऐसा करना वाले हिमाचल प्रदेश देश का पहला राज्य है। जबकि, राजस्थान में चुनाव के बाद वहाँ भाजपा सरकार बनते ही पूर्व की कांग्रेस सरकार के समय लागू की गई पुरानी पेंशन स्कीम को बंद कर दिया है। दोनों ने कहा कि केवल कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में ही सरकारी कर्मचारियों के हित सुरक्षित हैं।
उन्होंने कहा कि पुरानी पेंशन प्रदान करने पर केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश पर कई प्रकार की पाबंदियां लगाईं। केंद्र से मिलने वाली वित्तीय सहायता को कम किया लेकिन इसके बावजूद वर्तमान राज्य सरकार का संकल्प है कि कर्मचारियों को ओपीएस हर हाल में दी जाएगी। यही नहीं, केंद्र सरकार एनपीएस के 10 हजार करोड़ रुपए पर कुंडली मारे बैठी है।
बुटेल और पठानिया ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में जब भाजपा सरकार थी, तो कर्मचारियों को ओपीएस मांगने पर लाठियां मिलीं, उन पर पानी की बौछारें छोड़ी गई और मजाक बनाते हुए कर्मचारियों को चुनाव लड़ने की चुनौती दी गई। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों ने पुरानी पेंशन के लिए लंबा संघर्ष किया और वर्तमान सरकार ने उनकी मांग को पूरा किया है।
उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बिना किसी राजनीतिक कारण के कर्मचारियों का बुढ़ापा सुरक्षित किया, ताकि उन्हें वृद्धावस्था में किसी के आगे हाथ न फैलाने को मजबूर न होना पड़े और वह आत्मसम्मान के साथ अपना जीवन जी सकें।

### निर्दलीय विधायकों का इस्तीफा स्वीकार न करना असंवैधानिक व गैरकानूनी: भाजपा

**शिमला**
हिमाचल प्रदेश में तीन निर्दलीय विधायकों के इस्तीफे के स्वीकार न होने का मुद्दा गरमा गया है। विपक्षी दल भाजपा ने अभी तक इस्तीफा स्वीकार न होने को असंवैधानिक और गैर कानूनी करार दिया है।
नैना देवी के विधायक व प्रदेश भाजपा मीडिया विभाग के प्रभारी रणधीर शर्मा ने रविवार को पत्रकार वार्ता में कहा कि तीन निर्दलीय विधायकों का इस्तीफा स्वीकार न करना असंवैधानिक और गैर कानूनी है। कांग्रेस पार्टी आने वाले विधानसभा के उप चुनाव में अपनी संभावित हार को देखकर बौखला गई है। वह जानती है कि लोकसभा की चारों सीट तो भारतीय जनता पार्टी जीतेगी। रणधीर शर्मा ने कहा कि पिछले एक डेढ़ महीने के घटनाक्रम से हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस समर्थक विधायकों की संख्या 43 से घटकर 34 पर आ गई है।

## हर जनसभा में विधायकों और भाजपा को कोसने पर बोले नेता प्रतिपक्ष जयराम



**खेमचंद शास्त्री**
**मण्डी:** नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने यदि पिछले डेढ़ सालों में कोई भी काम किया होता तो आज वह अपने काम गिना कर कांग्रेस के लिए वोट मांगते। लेकिन वह अपने ही पार्टी के विधायकों को भारतीय जनता पार्टी को कोस कर वोट माँग रहे हैं। चुने हुए जनप्रतिनिधियों के अपमान और दूरी से मुख्यमंत्री आम जनमानस से भी दूर हो गये। उन्हें लोगों के सरोकारों से कोई मतलब नहीं हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के लोग अब कांग्रेस के झांसे में आने वाले नहीं हैं। अब कांग्रेस के दिन लद गये हैं। इस चुनाव के साथ ही कांग्रेस को अंदाजा हो जाएगा कि झूठ के लिए भारत की राजनीति में कोई जगह नहीं हैं। अब राजनीति में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जैसे अपने वादों को अक्षरशः निभाने वालेए जनहित के लिए पारदर्शी तरीके. से भ्रष्टाचार मुक्त योजनाएं बनाने वाले नेता ही देश को स्वीकार्य हैं और उन्हें ही देश अपना भरपूर समर्थन और प्यार देगा। जयराम ठाकुर ने कहा कि पिछले डेढ़ सालों में कांग्रेस ने बहुत सारे काम किए हैं, लेकिन वह उन कामों के नाम पर वोट नहीं माँग सकती है। कांग्रेस सरकार ने अपने डेढ़ साल के कार्यकाल में एक हजार से ज्यादा जनहित में खोले गये चलते संस्थान बंद कर दिये। दस हजार से ज्यादा युवाओं को नौकरी से निकाल दिया। सारी क्लीयरेंस के बाद भी भर्ती परीक्षाओं के परिमाण जारी नहीं कर रही है। युवाओं को भर्ती करने वाले कर्मचारी चयन आयोग को भंग कर दिया। डेढ़ साल में कांग्रेस के यही काम हैं जिससे सुख की सरकार में प्रदेश की देवतुल्य जनता को दुःख उठाने पड़े। आम जनमानस को परेशान करने के अलावा कांग्रेस ने कोई काम किया ही नहीं हैं। जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस ने सत्ता में आते ही डीजल पर वैट बढ़ाकर कर डीजल को महंगा कर दियाए आपदा में डीजल के दाम बढ़ा दिए। बिजली, पानी, सीमेंट सब कुछ महंगा कर दिया। जिससे आम आदमी का जीना मुश्किल हो गया। कहा कि इसी कारण कांग्रेस आज सिर्फ भाजपा को कोस कर वोट माँग रही है और लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस का कोई बड़ा नेता आगे नहीं आना चाह रहा हैं। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले दस सालों में विकास के एक से बढकर एक काम किए हैं। इसीलिए आज उन्हें पूरे देश से अपार जन समर्थन मिल रहा है

## कुमाऊं विवि में परीक्षा शुल्क जमा नहीं करने वाले परीक्षार्थी भी दे सकेंगे

**नैनीताल**
कुमाऊं विवि ने अपने संबद्ध परिसरों, महाविद्यालयों व संस्थानों के निदेशकों व प्राचार्यो को निर्देश दिये हैं कि किन्ही कारणों से परीक्षा शुल्क जमा नहीं कर पाये स्नातक वार्षिक पद्धति के अंतर्गत बीए, बीएससी व बीकॉम के मुख्य एवं एक्स विद्यार्थियों को उनका प्रवेश सत्यापित होने की स्थिति में 1 अप्रैल से शुरू होने वाली परीक्षाएं दिलाना सुनिश्चित करें।
परीक्षा नियंत्रक डॉ. महेंद्र राणा ने बताया है कि ऐसे परीक्षार्थियों के लिये परीक्षा शुल्क जमा करने के लिये विश्वविद्यालय के पोर्टल को अलग से खोला जायेगा।

## लोहाघाट में बसा मायावती आश्रम रमीक्ि स्थान है

**शुभकामनाएं**

**8 राज्यपाल ने अद्वैत आश्रम मायावती की 125वीं जयंती की सभी को बधाई और शुभकामनाएं दी ह**

**चंपावत**
राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) रविवार को लोहाघाट स्थित अद्वैत आश्रम मायावती पहुंचे। इस दौरान आश्रम की 125वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल शामिल हुए।
कार्यक्रम में राज्यपाल ने अद्वैत आश्रम मायावती की 125वीं जयंती की सभी को बधाई और शुभकामनाएं दी है। राज्यपाल ने कहा कि आज हम 125वीं जयंती मना रहे हैं और आगे के 125 वर्ष के लिए बेहतर प्लान करना होगा। राज्यपाल ने कहा कि यहां का माहौल तनाव मुक्त करने में मददगार है। यह आश्रम देश-विदेश के लोगों को आध्यात्म की ओर आकर्षित करता है। उन्होंने आश्रम में संचालित हो रहे धर्मार्थ चिकित्सालय की सेवाओं व सुविधाओं की सराहना की।
राज्यपाल ने इसके बाद मायावती आश्रम परिसर का भ्रमण किया और सौंदर्य को निहारा। उन्होंने कहा कि लोहाघाट की गोद में बसा मायावती आश्रम एक रमणीक स्थान है। यह अद्वैत आश्रम स्वामी विवेकानंद की स्वप्न भूमि है। उन्होंने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड और हिमालय के प्रति स्वामी विवेकानंद की असीम आस्था रही। उनकी देवभूमि उत्तराखंड के प्रति अगाध श्रद्धा थी। वह हिमालय से प्रेम करते थे। उन्होंने कहा कि मायावती आश्रम इतने सुंदर स्थान पर स्थापित है कि यहां पर आकर अलग ही आध्यात्मिक और मस्तिष्क में एक अलग ही शांति की अनुभूति मिलती है।
राज्यपाल ने बाद में ध्यान कक्ष में ध्यान लगाया और कहा कि ध्यान वाला स्थान चमत्कारिक है, जहां मस्तिष्क में एक अलग ही शांति की अनुभूति होती है। राज्यपाल ने धर्मार्थ चिकित्सालय के अध्यक्ष स्वामी शुद्धिदानंद से आश्रम के सम्बंध में जानकारी ली।इसके अलावा राज्यपाल एवं अन्य अतिथियों द्वारा इंटरनल वैल्यूज फॉर ए चेंजिंग सोसाइटी तथा आश्रम के 125 वर्षों की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर आधारित फोटो एल्बम पुस्तकों का विमोचन किया गया।

## विपक्षियों का चक्रव्यूह तोड़कर राष्ट्रवाद का कमल खिलाएं : बंसल

**प्रयागराज**
भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री एवं पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, तेलंगाना के प्रदेश प्रभारी सुनील बंसल ने रविवार को बमरौली एयरपोर्ट पर भाजपा कार्यकताओं से कहा कि प्रयागराज की दोनों लोकसभा सीट प्रचंड बहुमत के साथ जीतना है।
उन्होंने कहा कि भाजपा का हर पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता अपने बूथ को कुरुक्षेत्र का मैदान समझे और अर्जुन की तरह विपक्षियों का चक्रव्यूह तोड़कर पिछले लोकसभा के चुनाव में पाए बूथों पर वोट को 370 करके राष्ट्रवाद का कमल खिलाए। उन्होंने कहा कि विकसित भारत निर्माण के लिए अब की बार 400 पार मोदी सरकार का बनाने के लिए संकल्प लेकर कार्य करें।



सुनील बंसल लगभग एक घंटा एयरपोर्ट पर रहे। इस दौरान भाजपा महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ बीके सिंह एवं महापौर गणेश केसरवानी ने उन्हें पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। राष्ट्रीय महामंत्री ने प्रयागराज की दोनों लोकसभा सीट को लेकर चर्चा की और कहा कि देश के कोने-कोने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लहर दौड़ रही है। इस बार पश्चिम बंगाल, तेलंगाना और उड़ीसा में भारतीय जनता पार्टी अपने सहयोगी दलों के साथ एनडीए का परचम लहराने जा रही है।
मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि इस अवसर पर अशोक बाजपेयी, पदुम जायसवाल, वरुण केसरवानी, प्रशांत शुक्ला, नीरज पांडे, आयुष अग्रहरी आदि मौजूद रहे।
एयरपोर्ट से निकलने के बाद भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल का स्वागत पूर्व जिलाध्यक्ष यमुनापार विभवनाथ भारती के नेतृत्व में कार्यकताओं ने अलोपीबाग पटेल संस्थान पर किया। जिलाध्यक्ष यमुनापार विनोद प्रजापति, पूर्व जिलाध्यक्ष विभवनाथ भारती आदि ने बुके, अंगवस्त्रम देकर स्वागत किया। राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल ने कहा कि देश की जनता तीसरी बार मोदी सरकार बनाने का मन बना चुकी है। पर लक्ष्य 400 पार हो इसलिए ज्यादा मेहनत करनें की आवश्यकता है।

# टिकट का इशारा मिलते ही रायजादा ने किया चुनावी शंखनाद

**चुनावी**

**8 -बहड़ाला में बैठक कर चुनाव लड? की मांग इजाजत -कहा, भाजपा बड़ी, तो कांग्रेस आमजन की पार्टी**



**राजन पुरी**
**ऊना:** कांग्रेस हाईकमान द्वारा टिकट वितरण में की जा रही देरी के बीच संभावित प्रत्याशी ने चुनावी कदमताल तेज कर दी है। इसी कड़ी के तहत रविवार को पूर्व विधायक व कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष सतपाल रायजादा ने ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक में शिरकत करते हुए चुनावी रणनीति बनाई। साथ ही चुनाव लड? की इजाजत भी मांगी। इस दौरान कार्यकताओं ने बुलंद हाथो से हामी भरी। रायजादा ने बैठक में साफ कहा कि अगर पार्टी में मुझ पर विश्वास जताकर टिकट देती है, तो उसके लिए पूरी तरह से तैयार हूं। उन्होंने कहा कि संगठन ने बहुत कुछ दिया है और पार्टी विश्वास जताती है, तो वह पीछे नहीं हटेंगे। पार्टी की वजह से ही हमारा वजूद है। पार्टी को अब हमारी जरूरत है, तो अपने कार्यकताओं को साथ लेकर जीत दर्ज करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा के कुछ लोग बो रहे थे कि पार्टी आपकी शहादत दे दी है, तो उनको कहना चाहता हूं कि कांग्रेस की रीत शहादत है, गांधी परिवार ने शहादत दी। संगठन में महात्मा गांधी और नेहरू जैसे लीडर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा कहती है कि हमारी पार्टी बहुत बड़ी पार्टी है, तो हम उन्हें बताना चाहते हैं कि कांग्रेस पार्टी आमजन की पार्टी है। आम जनता जुड़ी हुई है। इससे बड़ा और क्या हो सकता है। रायजादा ने कह कि 6 विधायको की जिस तरह से खरीद फरोख्त हुई, पैसों का नंगा नाच हुआ। नेता विपक्ष और बीजेपी वाले कांग्रेस को बेईमान कहते है, लेकिन उनसे पूछना चाहता हूं कि पैसे फेंककर विधायक खरीदने वाले क्या कहलाते हैं। उन्होंने कहा कि पहले भाजपा महिलाओं को 1500 रुपये नहीं मिलने की बात करती रही, जबकि इसकी नोटिफिकेशन जारी कर दी, तो भाजपाईयों को दिक्कत होने लगी। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में महिलाओं की लड़ाई लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा जनता का खून चूस रही है, लेकिन कांग्रेस जनता की लड़ाई लड़ रही है। उन्होंने कहा कि एमएलए का चुनाव हारने के बाद भी जनता की सेवा में लगा रहा। हार के दिन भी मेरा दफ्तर खुला था और हमेशा जनता के लिए खुला रहेगा। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रणजीत राणा, पूर्व जिलाध्यक्ष वीरेंद्र धमार्णी, प्रदेश महासचिव अविनाश कपिला, ब्लॉक अध्यक्ष रविंद्र सहोड़, प्रदेश प्रवक्ता विजय डोगरा, महिला ब्लॉक अध्यक्ष सीमा शर्मा, यशपाल भटोली, रविकांत बस्सी सहित अन्य उपस्थित रहे।

# फुटबाल खिलाडियों के आरोपों की हो उच्च स्तरीय जांच: मनकोटिया

**राजन पुरी**
**ऊना:** एआईएफएफ कार्यकारी समिति के सदस्य दीपक शर्मा पर खिलाडि?ों की ओर से लगाए गए आरोपों के बाद रविवार को ऊना के निजी होटल में जिला ऊना फुटबॉल एसोसिएशन ने पत्रकारवार्ता की। एसोसिएशन के महासचिव वीरेंद्र मनकोटिया सहित पदाधिकारियों ने कहा कि हिमाचल को घटना ने पूरे देश में शर्मसार किया है। वीरेंद्र मनकोटिया ने कहा कि दीपक शर्मा जिसके सदस्य है, उस क्लब का नाम खड्ड एफसी के से है, लेकिन इसका जिला फुटबॉल एसोसिएशन के पास कोई पंजीकरण नहीं है।



जबकि कायदे से यह पंजीकरण होना चाहिए। करीब 14 वर्ष से दीपक शर्मा इस पद पर मेंबर है। संविधान के अनुसार इस पद पर वह इतने लंबे समय तक आसीन नहीं रह सकते हैं।
उन्होंने कहा कि यह मुद्दा गंभीर है। अगर जिला ऊना फुटबाल एसोसिएशन के साथ यह क्लब पंजीकृत होता तो यकीनन उन खिलाडि?ों से जाकर या उनके परिजनों से मिलते। अब किस एसोसिएशन से यह क्लब पंजीकृत है, इसका उन्हें कोई पता नहीं है। ऐसी घटना से प्रदेश में फुटबाल की साख प्रभावित न हो जिला एसोसिएशन एक गर्वनिंग बॉडी के रूप में खिलाडि?ों को सुरक्षा देने में विश्वास रखती है। उन्होंने कहा कि इस मामले में उच्च स्तरीय जांच की जाए। इस दौरान अन्य पदाधिकारियों ने बताया कि बीते छह वर्ष से दीपक शर्मा खड्ड में रहते हुए फुटबॉल गतिविधियों को प्रभावित किया है। इस संबंध में जिला एसोसिएशन पहले भी उच्चाधिकारियों को सचेत कर चुकी है।

